प्रेस नोट दिनाँक 03-04-2024

पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल (पी0जी0आर0पी) के प्रार्थना पत्रों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के परिपेक्ष्य में पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा किये गये माह मार्च -2024 के मूल्यांकन में जनपद बदायूँ के 05 थानों ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

पुलिस महानिदेशक लखनऊ, उ0प्र0 के ड्रीम प्रोजेक्ट पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल पर परिश्रम, निष्ठापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से फीडिंग करते हुये त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किये जाने हेतु माह मार्च -2024 का मूल्यांकन अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएँ, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा किया गया। जिसमें उ0प्र0 के 9 थानो को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिसमें जनपद बदायूँ के 05 थाने सम्मलित है। थाना कोतवाली से कम्प्यूटर आपरेटर अंकित कुमार , थाना सिविल लाइन से कम्प्यूटर आपरेटर रवि कुमार, उझानी से कम्प्यूटर आपरेटर राजकुमार, थाना दातागंज से म0का0 सोनिया व थाना सहसवान से म0का0 रश्मि सिसोदिया ने पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। जिनके उत्साहवर्धन हेतु इन्हे नगद धनराशि से पुरस्कृत किया गया है। जनपद मुख्यालय से पब्लिक ग्रीवेंस रिव्यू पोर्टल (पीजीआरपी) की मॉनिटरिंग आरक्षी संजीव चौधरी द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के निर्देशन में माह जनवरी व फरवरी 2024 में जनपद बदायूँ ने पीजीआर पोर्टल पर प्रथम पांच की रेंक में अपना नाम दर्ज किया था।

सोशल मीडिया सेल

जनपद बदायूँ।